बुरहानपुर से भोपाल तथा इन्दौर तक की टेलीफोन लाइन

5591. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या बुरहानपुर से भोपाल तथा इन्दौर (मध्य प्रदेश) की टेलीफोन लाइन अक्सर खराब रहती है और

(ख) यदि हां तो इसके क्या कारण हैं ?

संचार मंत्री (डा० शंकर दयाल शर्मा) : (क) और (ख) (1) बुरहानपुर- भोपाल टेलीफोन लाइन सन्तोषजनक ढंग से काम कर रही है ?

(2) बुरहानपुर-इन्दौर टेलीफोन लाइन पर मुख्य रूप से ताम्बे के तार की चोरी के कारण व्यवधान पड़ जाते है।

पूर्व निमाड़ जिले में ओ० वाई० टी० के लिए आवेदन-पत्र

5592. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश के पूर्व निमाड जिले में 31 दिसम्बर 1974 को ओ0 वाई0 टी0 तथा नान ओ0 वाई0 टी0 योजना के अन्तर्गत कितने आवेदन-पत्र विचाराधीन थे।

(ख) 31 मार्च, 1975 तक सभी आवेदकों को टेलीफोन कनेक्शन देने के लिए सरकार का क्या कार्रवाई करने का विचार है; और

(ग) क्या पूर्व निमाड जिले के सर्किल में टेलीफोन के पुर्जो और सहायक पुर्जों की देर से सप्लाई करने के परिणाम स्वरूप उपभोक्ताओं को असुविधाएं हो रही हैं ?

संचार मंत्री (डा० शंकर दयाल शर्मा) : (क) ओ0 वाई0 टी0-8

गैर ओ0 वाई0 टी0-167

(ख) खंडवा एक्सचेंज की क्षमता में 100 लाइनों की और बुरहान पुर एक्सचेंज की क्षमता में 200 लाइनों की वृद्धि करने की योजना बनाई गई है। अपेक्षित अतिरिक्त एक्सचेंज उपस्कर प्राप्त होने पर टेलीफोन कनेक्शनों की बकाया मांग यथा समय शीघ्र और अधिक से अधिक संख्या में पूरी कर दी जाएगी।

(ग) जी नहीं।

महाकोशल क्षेत्र (म० प्र०) में उद्योग की स्थापना

5593. श्री गंगा चरण दीक्षित : क्या उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या केन्द्रीय सरकार ने महाकोशल क्षेत्र (मध्य प्रदेश) में कोई उद्योग स्थापित करने के किसी प्रस्ताव पर इस बीच विचार किया है, और

(ख) यदि हां, तो किस स्थान पर ?

उद्योग और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री ए० पी० शर्मा) : (क) और (ख) . विशेष रूप से महाकोशल क्षेत्र में स्थापित किए जाने वाले उद्योगों के बारे में जानकारी उपलब्ध नहीं है किन्तु पांचवी योजना के प्रारूप में सम्मिलित मध्य प्रदेश में स्थापित किए जाने वाले केन्द्रीय